ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवा के विस्तार के बारे में आस्ट्रेलिया के साथ समझौता

922. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 10 फरवरी, 1989 को भारत सरकार ने आस्ट्रेलिया के साथ दूरसंचार के बारे में एक समझौता किया, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1989-90 में बिहार के किन-किन ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) भारत सरकार ने दूरसंचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए आस्ट्रेलिया दूरसंचार के साथ 10-2-89 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । समझौता ज्ञापन के अधीन दूरसंचार सेवा का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं ।

(ख) ऊपर (क) में दिए गए उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

बिहार में एस० टी० डी० सुविधाएं

923. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989-90 के दौरान बिहार में किन-किन नए स्थानों पर एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध कराई गई थी ; और

(ख) वर्ष 1990-91 के दौरान उक्त एस० टी० डी० सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए किन-किन स्थानों का चयन किया गया है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) औरंगाबाद, गोपालगंज, खगड़िया, झुमरितल्लैया, को डेरमा, सहरसा ।

(ख) 1990-91 के दौरान जिन स्थानों को एस.टी.डी. सुविधा के लिए निर्धारित किया गया है, वे इस प्रकार हैं :—

बिहात, जहानाबाद, लोहारडागा, माधेपुरा, साहेबगंज, साकरी, सोनपुर, गोड्डा, जोगवाणी, कम्पोल, परसुडीह, फातुआ, गुमला, मेडहाड़वा, पूसा, रोसेरा, महुवा, हरपूरणी, गारडा, जसीडीह ।

हिन्दी में टेलीफोन निर्देशिका

924. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में ऐसे कौन-कौन से नगर हैं जहां टेलीफोन निर्देशिका हिन्दी में उपलब्ध है ; और

(ख) क्या अन्य नगरों में हिन्दी टेलीफोन निर्देशिका का प्रकाशित नहीं होना राजभाषा अधिनियम का उल्लंघन नहीं है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और यह सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Case of Hijackers of a Burmese Plane

925. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the stage of the prosecution case of the two students of Burma who had allegedly hijacked a plane from Burma to India recently; and

(b) what is the policy of Government in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DIGVIJAY SINGH): (a) and (b) The